दैनिक न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना-राशिफल

रायगढ़, गुरुवार 20 अक्टूबर 2022

www.nyaysakshi.com



संपादकीय

# आर्थिक गिरावट का अर्थशास्त्र

लोग चीजें खरीदने की स्थिति में नहीं होंगे, तो कारखाना मालिक किसके लिए उत्पादन करेंगे? भारतीय अर्थव्यवस्था में नए सिरे से आ रही गिरावट का सामान्य अर्थशास्त्र है, जिसे समझने के लिए अर्थशास्त्री होने की जरूरत नहीं है।

भारत में सितंबर में महंगाई दर 7.41 प्रतिशत पर पहुंच गई। यानी अप्रैल के बाद सबसे ऊंचे स्तर पर। इस बीच भारतीय रिजर्व बैंक ने महंगाई पर काबू पाने के लिए कई किस्तों में ब्याज दरें बढ़ाई हैं। लेकिन अब यह साफ है कि यह उपाय कारगर नहीं है। ऐसा होना भी नहीं था। इसलिए कि ब्याज दरें बढ़ाना तब कारगर होता है, अगर मुद्रास्फीति अर्थव्यवस्था के ओवरहीटिंग से बढ़ रही हो। यानी तब जबकि आमदनी बढ़ने से उपभोग बढ़ रहा हो और मांग के कारण उत्पादक निवेश की 'एनिमल स्पीरिट' बेलगा हो गई हो। लेकिन इस बार की महंगाई ऐसी नहीं है। इस बार महंगाई सप्लाई साइड की मुश्किलों के कारण बढ़ी है। इसीलिए दुनिया भर में इसे रोकने के लिए ब्याज दरें बढ़ाने का तरीका फेल हो रहा है। उलटे ब्याज दरें बढ़ने से समाज के एक तबके की आमदनी पर और दबाव बढ़ा है। उधर महंगाई बेकाबू रहने की वजह से लगभग हर तबके की वास्तविक गिरी है। ऐसे में बाजार में पहले से ही घटी मांग अब गायब होती जा रही है। इस आंकड़ों से सबके ललाट पर चिंता की रेखाएं काफी गहरी हो जानी चाहिए थीं कि सितंबर में तेल-साबुन जैसी आम रोजमर्रा की जरूरत वाली चीजों की बिक्री लगभग दस फीसदी गिरी।

जब ये आलम हो, तो इस आंकड़े पर हैरत क्यों होनी चाहिए कि उसी महीने में औद्योगिक उत्पादन 0.8 प्रतिशत सिकुड़ गया। अगर लोग चीजें खरीदने की स्थिति में नहीं होंगे, तो कारखाना मालिक किसके लिए उत्पादन करेंगे? भारतीय अर्थव्यवस्था में नए सिरे से आ रही गिरावट का सामान्य अर्थशास्त्र है, जिसे समझने के लिए अर्थशास्त्री होने की जरूरत नहीं है। फिर भी यह देश का दुर्भाग्य है कि भारतीय मीडिया बदहाली के बीच चमकने वाली सुर्खियों की तलाश में लगा हुआ है। मसलन, आईएमएफ की ताजा रिपोर्ट का सार यह था कि भारत इस वर्ष जीडीपी की पहले अनुमानित दर को अब हासिल नहीं कर पाएगा। लेकिन सुर्खी यह बनी कि भारत की वृद्धि दर दूसरे देशों से बेहतर रहेगी। अब ये सुर्खी ऊपर से निर्देश के कारण बनी, या मीडियाकर्मियों का मानस खुद ऊपर की इच्छा को समझने लगा है, यह हमें नहीं मालूम है।

# 2022 में 5 डिफेंस स्टॉक ने लगाई लम्बी छलांग : निवेशकों को मिला तगड़ा रिटर्न



**नई दिल्ली।** गुजरात के गांधीनगर में डिफेंस एक्सपो 2022 की शुरुआत 18 अक्टूबर 2022 को हो गई है। यह डिफेंस एक्सपो 22 अक्टूबर 2022 तक चलेगा। देश में 12वां डिफेंस एक्सपो चल रहा है, आइए जानते हैं ऐसे 5 डिफेंस स्टॉक के विषय में जिन्होंने इस साल निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया है। बता दें, ये सभी कंपनियों गांधीनगर के डिफेंस एक्सपो का हिस्सा हैं।

**1- भारत डॉयनमिक्स का प्रदर्शन कैसा रहा है?**

कंपनी के शेयर का भाव इस साल 390 रुपये से 917 रुपये के लेवल पर जा पहुंचा है। पोजीशनल निवेशकों को कंपनी ने साल 2022 में अबतक 135 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। बता दें, साल 2022 के मल्टीबैगर स्टॉक की लिस्ट में यह भी स्टॉक शामिल है। ऐसे में अगर किसी कंपनी पर दांव लगाने जा रहे हैं तो इस स्टॉक पर भी फोकस कर सकते हैं।

**2- डाटा पैटर्नस ने किया निवेशकों का मालामाल**

कंपनी पिछले साल दिसंबर में लिस्ट हुई थी। कंपनी के आईपीओ का प्राइस बैंड 555 रुपये से 585 रुपये के बीच था। ऐसे में जिस किसी निवेशक को कंपनी के शेयर आईपीओ के वक्त अलॉट हुए होंगे और उसने अबतक होल्ड करके रखा होगा तो उसका रिटर्न 135 प्रतिशत तक बढ़ गया होगा।

**3- कोचिन शिपयार्ड ने बदली निवेशकों की किस्मत**

कोचिन शिपयार्ड उन कुछ डिफेंस स्टॉक में से एक है जिसने पोस्ट कोविड के बाद निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया है। कंपनी के शेयर का भाव साल 2022 के दौरान 249 रुपये से बढ़कर 552 रुपये के लेवल पर जा पहुंचा है। यानी पोजीशनल निवेशकों को इस 10 महीने में 110 प्रतिशत का रिटर्न मिला है।

**4- HAL ने रॉकेट की तरह भरा उड़ान**

इस साल कंपनी के शेयर का भाव दोगुना हो गया है। साल के शुरुआत में कंपनी के एक शेयर की कीमत 1233 रुपये थी, जोकि अब 2475 रुपये के लेवल पर जा पहुंची है। यानी जिस निवेशक ने इस साल की शुरुआत में कंपनी पर दांव लगाया होगा उसका रिटर्न 100 प्रतिशत तक बढ़ गया होगा। बता दें, पोस्ट कोविड के बाद कंपनी के शेयरों की कीमतों में 400 प्रतिशत की उछाल आई है।

**5- Mazagon डॉक शिपबिल्डर ने दिया ताबड़तोड़ रिटर्न**

साल 2022 में जब शेयर मार्केट मुश्किलों से जूझ रहा था तब इस डिफेंस स्टॉक ने निवेशकों को ताबड़तोड़ रिटर्न दिया है। कंपनी के एक शेयर का भाव इस दौरान 125 प्रतिशत तक बढ़ गया है। बता दें, साल की शुरुआत में कंपनी के शेयर का भाव 280 रुपये के लेवल पर था जोकि अब 645 रुपये के लेवल पर पहुंच गया है। बीते 5 सालों के दौरान इस डिफेंस स्टॉक ने 290 प्रतिशत का रिटर्न दिया है।

# सेबी की सख्ती: एम्पीरिक ट्रेड को किया छह महीने के लिए बैन



## निवेशकों को 3 महीने में पैसे लौटाने का आदेश

**नई दिल्ली ।** मार्केट रेगुलेटरी सेबी (SEBI) ने बिना अनुमति के सलाहकार सेवाएं मुहैया कराने के लिए एम्पीरिक ट्रेड और उसके मालिक नीरज ठाकुर को सिक्योरिटी मार्केट से बैन कर दिया है। सेबी ने इस मामले में उन्हें सितंबर 2021 में कारण बताओ नोटिस जारी किया था। नियामक ने अपनी जांच में पाया कि एम्पिरिक ट्रेड और नीरज ठाकुर रजिस्ट्रेशन का सर्टिफिकेट लिए बगैर निवेश सलाहकार सेवाएं दे रहे थे।

सेबी ने अपने एक आदेश में कहा है कि आरोपी फर्म ने जनवरी-जुलाई 2019 के दौरान 83.70 लाख रुपये जुटाए थे। निवेश सलाहकार गतिविधियों के शुल्क के रूप में ली गई इस राशि को निवेशकों को तीन महीने में लौटाने का आदेश भी सेबी ने दिया है। इसके साथ ही सेबी ने निवेशकों का पैसा लौटाए जाने के छह महीने बाद तक कंपनी को सिक्योरिटी मार्केट में शिरकत करने से प्रतिबंधित कर दिया।

7 कंपनियों पर जुर्माना भी- इस बीच, एक अलग आदेश में SEBI ने ओमनीटेक इंफोसोल्यूशंस लिमिटेड के मामले में नियामक मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए 7 संस्थाओं पर कुल 28 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। यह आदेश तब आया जब सेबी को ओमिनटेक इंफोसल्शंस लिमिटेड (ओआईएल) के शेयरों में उसके प्रवर्तकों और उनके सहयोगियों द्वारा हेराफेरी का आरोप लगाने वाली शिकायत मिली थी।

# पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई परिवर्तन नहीं

नई दिल्ली । अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत के 90 डॉलर प्रति बैरल पर आ जाने के बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल के दामों में बुधवार को भी कोई बदलाव नहीं हुआ। अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड आज 0.51 प्रतिशत बढक़र 90.49 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 1.07 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 83.71 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

घरेलू स्तर पर तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है।

देश में चार महीने से अधिक समय से ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुंबई में पेट्रोल के दाम 106.31 रुपये प्रति लीटर और और डीजल की कीमत 94.27 रुपये प्रति लीटर है।

पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

# भारत ने जीतकर खत्म किया अंडर-20 एशियाई कप क्वालीफायर अभियान



**कुवैत सिटी (कुवैत) ।** भारत ने एएफसी अंडर-20 एशियाई कप क्वालीफिकेशन में अपने अभियान का समापन कुवैत के ऊपर 2-1 की जीत के साथ किया है। अली सबाह अल-सलेम स्टेडियम पर मंगलवार को खेले गये मुकाबले में भारत के गोल टाइसन सिंह (आठवां मिनट) और गुरकीरत सिंह (77वां मिनट) ने किये। मेज़बान टीम का गोल सालेह अलमहताब (73वां मिनट) ने जमाया। इस जीत के साथ भारत ने एएफसी अंडर-20 एशियाई कप उज़बेकिस्तान 2023 के ग्रुप-एच में ऑस्ट्रेलिया और इराक के बाद तीसरा स्थान हासिल कर लिया।

भारत ने मुकाबले की दमदार शुरुआत करते हुए कप्तान टाइसन के गोल की बदौलत शुरुआती बढ़त बना ली। इसके बाद दोनों टीमों ने कई प्रयास किये लेकिन पहले हाफ में गोल नहीं कर सकीं।

दूसरे हाफ में कुवैत आक्रामकता के साथ पिच पर उतरी। मुकाबले के समापन में जब 20 मिनट बाकी थे तब कप्तान सालेह ने एक फ्री-किक को गोल में तब्दील करके मैच को बराबरी पर ला खड़ा किया। कुवैत की बढ़त केवल तीन मिनट की रही और भारत ने 77वें मिनट में गुरकीरत के गोल से मैच जीत लिया।

# एशिया कप बीती बात, अब टी20 विश्व कप सुपर 12 पर नजरें : शनाका



जीलॉन्ग,19 अक्टूबर। श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका ने कहा कि एशिया कप में मिली खिताबी जीत अब बीती बात हो चुकी है और उनका फोकस नीदरलैंड के खिलाफ 'करो या मरो' का मैच जीतकर टी20 विश्व कप सुपर 12 चरण में जगह बनाने पर है।

टूर्नामेंट के पहले मैच नामीबिया के हाथों उलटफेर का शिकार हुए श्रीलंका ने ग्रुप ए के पहले दौर के मैच में यूएई को 79 रन से हराकर वापसी की।

ग्रुप ए में तीसरे स्थान पर काबिज श्रीलंका को शीर्ष पर बनी हुई नीदरलैंड को बृहस्पतिवार को होने वाले अहम मुकाबले में हराना होगा।

शनाका ने कहा , एशिया कप इतिहास की बात हो चुकी है। हम पर कोई दबाव नहीं है। हमें अपने प्रदर्शन पर फोकस करना है ताकि अगले दौर में जगह बना सकें।

उन्होंने कहा , हमें अपनी ताकत पता है। पहले मैच में हम अच्छा नहीं खेल सके लिहाजा नामीबिया से हार गए। लेकिन हम इससे कहीं बेहतर टीम हैं।

उन्होंने बुधवार के मैच में पाथुम निसांका (74) और दुष्मंता चामीरा (15 रन देकर तीन विकेट) के प्रदर्शन की तारीफ की लेकिन कहा कि भानुका राजपक्षा को अब रन बनाने होंगे।

# आईसीसी टी20 विश्व कप 2022: जोन्स का शानदार अर्धशतक, आयरलैंड के सामने 177 रन का लक्ष्य




**होबार्ट।** स्कॉटलैंड ने माइकल जोन्स (86) के शानदार अर्धशतक की मदद से आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 के पहले दौर के मैच में बुधवार को आयरलैंड के सामने 177 रन का लक्ष्य रखा। स्कॉटलैंड ने ग्रुप-ए मैच में टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी। पिछले मैच में अर्धशतक जड़ने वाले जॉर्ज मन्सी के एक रन पर आउट होने के बाद जोन्स ने स्कॉटलैंड की पारी की अगुवाई करते हुए टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपना पहला अर्धशतक जड़ा।

जोन्स ने 55 गेंदों की पारी में छह चौके और चार छक्के लगाकर 86 रन बनाये। उनका साथ देते हुए मैथ्यू क्रॉस ने 21 गेंदों पर पांच चौकों के साथ 28 रन बनाये जबकि रिची बेरिंगटन ने 27 गेंदों पर तीन चौके और एक छक्का लगाकर 37 रन जोड़े। जोन्स की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की बदौलत स्कॉटलैंड ने आखिरी पांच ओवरों में 54 रन जोड़े, जबकि 19वें ओवर में उनके आउट होने के बाद माइकल लीस्क (17) ने दो चौके लगाकर स्कॉटलैंड को 176/5 के स्कोर तक पहुंचाया।

आयरलैंड के लिये कर्टिस कैम्फर ने दो ओवर में नौ रन देकर दो विकेट लिये जबकि जोशुआ लिटिल और मार्क एडेयर को एक-एक विकेट हासिल हुआ।

# अमिताभ बच्चन की ऊंचाई का ट्रेलर रिलीज



अभिनेता अमिताभ बच्चन, अनुपम खेर, डैनी डेन्जोंगपा और बोमन ईरानी जल्द ऊंचाई में नजर आएंगे। फिल्म 11 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। सूरज बडज़ात्या ने इसका निर्देशन किया है। अब इसका ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें अमिताभ, अनुपम, डैनी और बोमन अपनी जिंदगी को खुलकर जीते हुए नजर आए हैं। इसमें अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा की भी झलक दिखी है। आइए जानते हैं कि कैसा है फिल्म का ट्रेलर।

सूरज की यह फिल्म फैमिली ड्रामा से हटकर है। इसमें अमिताभ, अनुपम, डैनी और बोमन अपनी ढलती उम्र में माउंट एवरेस्ट चढऩे की योजना बनाते हैं। इसी बीच उनके दोस्त डैनी का निधन हो जाता है। अब तीनों दोस्त मिलकर डैनी के इस अधूरे सपने को पूरा करने का बीड़ा उठा लेते हैं। ट्रेलर के अंत में किशोर कुमार का गाना ये जीवन है की धुन सुनाई दे रही है।

इन दोस्तों की रोमांचक यात्रा में नीना गुप्ता और सारिका भी शामिल हो जाती हैं। परिणीत इन बुजुर्ग दोस्तों को एवरेस्ट की यात्रा के बारे में जागरूक करती दिखीं। इसमें अमिताभ सहित सभी कलाकारों की मौजूदगी एक मल्टीस्टारर फिल्म होने का अनुभव कराती है।

राजश्री प्रोडक्शन ने ऊंचाई का निर्माण किया है। फिल्म की शूटिंग इस साल की शुरुआत में पूरी हो गई थी।

# स्वतंत्रवीर सावरकर में नजर आएंगी अंकिता लोखंडे, जारी हुआ लुक



वीर सावरकर की बायोपिक स्वतंत्रवीर सावरकर का पहला लुक सामने आने के बाद से ही चर्चा में है। फिल्म में रणदीप हुड्डा सावरकर के किरदार में नजर आएंगे। रणदीप ही फिल्म का निर्देशन भी कर रहे हैं। अब फिल्म की महिला कलाकार को लेकर नई खबर सामने आई है। स्वतंत्रवीर सावरकर में फीमेल लीड के लिए अंकिता लोखंडे का नाम तय किया गया है। अंकिता के प्रशंसक इस घोषणा पर अपनी खुशी जता रहे हैं।

फिल्म में अंकिता लोखंडे लीड रोल में नजर आएंगी। निर्माताओं ने फिल्म से अंकिता का रेट्रो लुक भी शेयर किया है। रिपोर्ट के अनुसार अंकिता ने इसपर अपनी उत्सुकता जाहिर की है।

# आज का राशिफल

***मेष :*** आपका दिन सामान्य रहेगा। सुबह के समय हल्का तनाव महसूस कर सकते हो। बिजनेस में रुका हुआ पैसा आपको मिल सकता है। आपको किसी विशेष काम में दूसरे लोगों की मदद मिल सकती है।

***वृष :*** आपका दिन अच्छा रहेगा। आपके अच्छे व्यवहार से आसपास के लोग खुश रहेंगे। साथ ही आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आयेगी। समाज में आपको उचित आदर-सम्मान मिलेगा।

***मिथुन :*** आपका दिन बढिय़ा रहेगा। परिवार वालों के साथ धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जायेंगे। आपके मित्रों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है। आर्थिक रूप से आपको लाभ की प्राप्ति होगी।

***कर्क :*** आपका दिन पहले की अपेक्षा बेहतर रहेगा। थोड़ी-सी मेहनत से ही आपको बड़ा मुनाफा मिल सकता है। आप जीवनसाथी के साथ डिनर का प्लान बना सकते हैं। आप दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ेंगी।

***सिंह :*** आपका दिन मनोनुकूल रहेगा। आप खुद को ऊर्जावान महसूस करेंगे। साथ ही आपके परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। आपको आनंद की अनुभूति होगी। आपकी किसी खास व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है।

***कन्या :*** आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आप सामाजिक कार्यों में हिस्सा ले सकते हैं। ऑफिस में आपको कोई नया काम मिल सकता है, जिसमें आप अपनी मेहनत से सफल भी हो सकते हैं। परिवार से जुड़े किसी काम के लिए थोड़ी भागदौड़ हो सकती है।

***तुला :*** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आर्थिक स्थिति में प्रगति हो सकती है। जीवन में तरक्की के नये रास्ते भी खुलेंगे। ऑफिस में आपकी ड्रेस की तारीफ हो सकती है।

***वृश्चिक :*** आपका दिन उत्तम रहेगा। आपको बिजनेस के क्षेत्र में कुछ लोगों से मदद मिलेगी। आपसी समझ और प्यार आपके दाम्पत्य संबंधों को और भी बेहतर बनायेंगे। सामाजिक जीवन भी आज हर तरह से बेहतर बना रहेगा।

***धनु :*** जीवनसाथी के साथ आपको बातचीत में थोड़ी नरमी बरतनी चाहिए। धैर्य रखने पर आपके रिश्ते मधुर होंगे। नियमित योग करने से आपका स्वास्थ्य भी बेहतर बना रहेगा। कुछ कामों में आपको अधिक समय लग सकता है।

***मकर :*** आपका दिन मिला-जुला रहेगा। नौकरी कर रहे लोगों को नया प्रोजेक्ट मिल सकता है। आगे चलकर ये प्रोजेक्ट आपको फायदा दिलायेगा। इस राशि के विद्यार्थियों के लिए दिन सामान्य रहने वाला है।

***कुंभ :*** आपको तरक्की के कुछ नये साधन मिल सकते हैं। कुछ अच्छे लोगों से आपकी मुलाकात दिन को और बेहतर बना सकती है। आपका मूड काफी अच्छा रहेगा। बिजनेस में तरक्की सामान्य रूप से बनी रहेगी। दाम्पत्य संबंधों में एक बार फिर से ताजगी भरने के लिये दिन बढिय़ा है। आप कुछ नये विचारों के साथ अपना कोई खास काम शुरू कर सकते हैं।

***मीन :*** आपका दिन शानदार रहेगा। कोई दोस्त आपसे घर पर मिलने आ सकता है। साथ में कोई मूवी देखने का प्लान बना सकते हैं। आपके अधूरे काम पूरे हो जायेंगे। बिजनेस में नए एग्रीमेंट हो सकते हैं। संपत्ति बढ़ाने की कोई योजना सफल हो सकती है।

# ट्राय करें ये हेल्दी 'लोबिया चाट'



अब तक आपने लोबिया को सब्जी और दाल के रूप में खाया होगा, लेकिन क्या सलाद के रूप में इसे किया है ट्राय? अगर नहीं, तो यहां जानें इसकी रेसिपी और बनाएं इसे।

## सामग्री :

लोबिया बीन्स- 2 कप, प्याज- 1/2 कप, टमाटर कटे हुए- 1/2 कप, उबले आलू कटे हुए- 1/2 कप, खीरा- 1/2 कप, अनारदाना- 1/4 कप, धनिया पत्ती- 1/4 कप, नींबू का रस, भुनी हुई मूंगफली- 1/4 कप, नमक- स्वादानुसार, जीरा पाउडर- 1 टीस्पून, लाल मिर्च पाउडर- 1/2 टीस्पून, चाट मसाला- 1/2 टीसपून

## विधि :

- सबसे पहले लोबिया को 4-5 घंटे के लिए अच्छे से धोकर पानी में भिगोकर रख दें।
- इसके बाद इसे एक कप पानी और नमक के साथ कुकर में दो से तीन सीटी आने तक उबाल लें।
- अब इसे किसी बाउल में निकालकर ठंडा हो जाने दें।
- तब तक सारी सब्जियों को काट लें।
- इसके साथ ही पैन में सारे मसालों को 10-20 सेकेंड के लिए भून लें।

चाट बनाने के लिए

- लोबिया हल्का ठंडा हो जाए तो इसमें सब्जियां और मसाले मिक्स करें। स्वादानुसार मसाले और नमक घटा-बढ़ा सकते हैं।
- सर्व करने से पहले कटी हुई धनिया, नींबू का रस और भूनी हुई मूंगफली डालें।
- तैयार है लोबिया चाट सर्व करने के लिए।


# शब्द सामर्थ्य- 228

**बाएं से दाएं :**

1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**

1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुस्सबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रात:, सबेरा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 227 का हल



# सू-दोकू- 228

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.227 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |